44. "घृणायुक्त भाषण (Hate speech)" के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसे भारतीय दंड संहिता में परिभाषित किया गया है।
2. संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत घृणायुक्त भाषण की अभिव्यक्ति का स्पष्ट रूप से वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य पर प्रतिबंध के रूप में उल्लेख नहीं किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

45. अटलांटिक मेरिडिअनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (AMOC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह उष्ण कटिबंध से उत्तरी गोलार्ध की ओर गर्म सतही जल को प्रवाहित करता है, जहां यह ठंडा होकर अवतरित हो जाता है।
2. इस परिसंचरण के मंद होने से वैश्विक तापन के बढ़ने की संभावना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

46. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 द्वारा निम्नलिखित में से किसके लिए प्रावधान किया गया है?

1. चुनाव संचालन से संबंधित अधिकारी के लिए
2. संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित राज्यसभा के स्थानों को भरने की रीति के लिए
3. इस प्रकार के निर्वाचनों में या इसके संबंध में भ्रष्ट आचरण एवं अन्य अपराध के लिए
4. संसद और राज्य विधानमंडल के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) केवल 1, 2 और 4

47. सिख सुधार आंदोलन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. बाबा राम सिंह निरंकारी आंदोलन के संस्थापक थे।
2. नामधारी सफेद पगड़ी के साथ सफेद कपड़े पहनते थे और ये स्वयं को दूसरों से अलग दर्शाने के लिए एक माला धारण करते थे।
3. निरंकारी गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा की स्थापना के पश्चात् बनाए गए अनुष्ठानों के एक समुच्चय का पालन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 2

48. भारत में मानसून के संदर्भ में, अल नीनो के साथ मानसून के मौसम के दौरान एशियाई ट्रोपोपॉज एरोसोल परत (ATAL) के निर्माण की गतिशीलता ने भारत में अल्प वर्षा की स्थिति उत्पन्न करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। यह परत निर्मित होती है:

(a) केवल सल्फेट एरोसोल से
(b) CFCs, HFCs, कार्बन टेट्राक्लोराइड और मुक्त क्लोरीन परमाणु से
(c) ब्लैक कार्बन, कार्बनिक एरोसोल, नाइट्रेट और धूल के कणों सहित सल्फेट से
(d) लवण के कणों, सिल्वर आयोडाइट और ग्राउंड लेवल ओजोन से

49. तीव्र प्रजनक रिएक्टरों (फास्ट ब्रीडर रिएक्टरों) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. FBRs को खपत किए गए ईंधन से अधिक ईंधन का उत्पादन करने हेतु डिजाईन किया गया है।
2. इस रिएक्टर में ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए प्लूटोनियम-239 विखंडन प्रक्रिया से गुजरता है, जबकि ईंधन में मौजूद यूरेनियम-238 अतिरिक्त प्लूटोनियम-239 में परिवर्तित हो जाता है।
3. यह भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के प्रथम चरण का भाग है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3